मेरा श्याम सलोना आएगा

अपना मुझे बनाएगा,
जीवन ज्योत जगायेगा,
कभी ना कभी, कहीं ना कहीं,
मेरा श्याम सलोना आएगा..........

आश लगाए कब से बैठे,
श्याम तुम्हारे चरणों में,
नित तेरा गुणगान करें,
हम गली गली और घर घर में,
नैन दरश के प्यासे हैं,
कब तू दरश दिखायेगा,
कभी ना कभी, कहीं ना कहीं,
मेरा श्याम सलोना आएगा..........

कब तक गुण गाये हम तेरा,
इतना तो बतलाओ तुम,
गीता में जो वादा किया,
उसको आन निभाओ तुम
चरणों की धूलि पाने से,
मेरा जीवन सफल हो जायेगा
कभी ना कभी, कहीं ना कहीं,
मेरा श्याम सलोना आएगा.......

श्याम बिहारी सुनलो हमारी,
हाथ जोड़कर के बिनती
जो जो पाप किये हैं हमने,
उनकी मत करना गिनती,
रे मन मूरख दर दर की बाबा,
कब तक ठोकर खायेगा
कभी ना कभी, कहीं ना कहीं,
मेरा श्याम सलोना आएगा........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25071/title/mera-shyam-salona-aayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |